भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2443
15.12.2025 को उत्तर के लिए

पीएमसीसीबी का गठन और कार्यकरण

2443. **श्री प्रद्युत बोरदोलोई:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह** बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या जलवायु परिवर्तन संबंधी प्रधानमंत्री परिषद (पीएमसीसीसी) का गठन किया गया है;
(ख) यदि हाँ, तो गठन की तिथि, सदस्यों की संरचना, कार्य और विचारार्थ विषय सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा परिषद को क्रियान्वित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और
(घ) विगत पाँच वर्षों के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या का ब्यौरा क्या है और साथ ही बैठकवार तिथियाँ, एजेंडा मदें और लिए गए प्रमुख निर्णय क्या हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (घ): भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जलवायु परिवर्तन परिषद (पीएमसीसीसी) का प्रारम्भ में 6 जून, 2007 को गठन किया गया था तथा 14 जुलाई, 2015 को सदस्यता में संशोधन के साथ इसका पुनर्गठन किया गया। पीएमसीसीसी की टर्म्स ऑफ़ रेफ़रेंस (टीओआर) में राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याओं पर समन्वित प्रतिक्रिया विकसित करना; आकलन, अनुकूलन, प्रौद्योगिकी सहायता और जलवायु परिवर्तन के न्यूनीकरण हेतु कार्य-योजना के निर्माण की देखरेख करना; तथा प्रमुख नीतिगत निर्णयों की आवधिक निगरानी शामिल है।

प्रधानमंत्री जलवायु परिवर्तन परिषद (पीएमसीसीसी) के अध्यक्ष भारत के माननीय प्रधानमंत्री हैं और इसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री; विदेश मंत्री; वित्त मंत्री; जल शक्ति मंत्री; कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री; आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री; विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री; विद्युत मंत्री; कोयला मंत्री; नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री; कैबिनेट सचिव; विदेश सचिव; पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के सचिव तथा चार विशेषज्ञ सदस्य शामिल हैं। माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, पीएमसीसीसी के सदस्य-समन्वयक हैं।

पीएमसीसीसी की बैठकें आवश्यकतानुसार आयोजित की जाती हैं। इसकी पिछली बैठक 25 अप्रैल, 2025 को सम्पन्न हुई थी। बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श, निर्णय तथा मार्गदर्शन वैश्विक एवं भारतीय जलवायु परिदृश्यों के संदर्भ में 2070 तक नेट-जीरो प्राप्ति के लक्ष्य सहित विशेष रूप से बीते दशक में भारत द्वारा की गई विभिन्न पहलों एवं जलवायु-कार्यों पर केंद्रित था एवं बैठक में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के अंतर्गत की गई कार्रवाइयों तथा संबंधित अभियानों की उपलब्धियों एवं प्रगति की समीक्षा की गई।

*****